Under CSR Support by ipca Foundation
missiongyan

# अध्याय – 3 | लिंग, धर्म और जाति

QUIZ
PART-05

1. **जाति और आर्थिक असमानता का मुख्य कारण क्या है?**
   A. केवल धार्मिक आस्था
   B. संसाधनों तक पहुँच का नियंत्रण
   C. राजनीतिक अधिकारों का अभाव
   D. शहरीकरण (B)

*व्याख्या :* जाति आर्थिक असमानता का कारण इसलिए है क्योंकि यह विभिन्न संसाधनों तक पहुँच को नियंत्रित करती है।

2. **किस जाति को पारंपरिक रूप से भूमि और शिक्षा का अधिकार नहीं था?**
   A. तद्वज जाति
   B. तथाकथित अछूत जाति
   C. अल्पसंख्यक समुदाय
   D. ऊँची जाति (B)

*व्याख्या :* तथाकथित अछूत जातियों को भूमि और शिक्षा से वंचित रखा गया था।

3. **1999–2000 के अनुसार अनुसूचित जनजातियों का कितना प्रतिशत गरीबी रेखा के नीचे जीवनयापन कर रहा था (ग्रामीण क्षेत्र)?**
   A. 27.0%
   B. 35.9%
   C. 45.8%
   D. 11.7% (C)

*व्याख्या :* 1999–2000 के आँकड़ों के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में 45.8% अनुसूचित जनजातियाँ गरीबी रेखा के नीचे थीं।

4. **1999–2000 में ग्रामीण क्षेत्रों में हिंदू अगड़ी जातियों का गरीबी अनुपात कितना था?**
   A. 11.7%
   B. 27%
   C. 35.9%
   D. 45.8% (A)

*व्याख्या :* ग्रामीण क्षेत्रों में हिंदू अगड़ी जातियों का गरीबी अनुपात केवल 11.7% था, जो अन्य जातियों की तुलना में काफी कम था।

5. **'व्यावसायिक गतिशीलता' का अर्थ क्या है?**
   A. गाँव से शहर की ओर पलायन
   B. एक व्यवसाय से दूसरे व्यवसाय में बदलाव
   C. समान व्यवसाय को बनाए रखना
   D. जातिगत भेदभाव (B)

*व्याख्या :* व्यावसायिक गतिशीलता का अर्थ है नई पीढ़ी द्वारा अपने पूर्वजों के व्यवसाय के अलावा अन्य व्यवसाय अपनाना।

6. **जाति व्यवस्था में किसके साथ छुआछूत का व्यवहार किया जाता था?**
   A. अगड़ी जाति
   B. पिछड़ी जाति
   C. तथाकथित 'अत्यज' जातियाँ
   D. अन्य धर्मों के लोग (C)

*व्याख्या :* जाति व्यवस्था में 'अत्यज' जातियों के साथ छुआछूत का व्यवहार किया जाता था।

7. **आधुनिक भारत में जाति व्यवस्था में बदलाव का एक प्रमुख कारण क्या है?**
   A. विदेशी शासन
   B. औद्योगिकीकरण और शिक्षा
   C. धार्मिक सुधार आंदोलन
   D. कृषि उत्पादन (B)

*व्याख्या :* औद्योगिकीकरण, शिक्षा का विकास और शहरों में बसावट ने जाति व्यवस्था को कमजोर किया।

8. **आज भी जाति व्यवस्था की कौन-सी समस्या पूरी तरह समाप्त नहीं हुई है?**
   A. औद्योगिकीकरण
   B. छुआछूत और जातिगत विवाह
   C. शिक्षा का प्रसार
   D. राजनीति में भागीदारी (B)

*व्याख्या :* संवैधानिक प्रावधानों के बावजूद छुआछूत की प्रथा और जातिगत आधार पर विवाह आज भी बने हुए हैं।

9. **जाति और सांप्रदायिकता में समानता क्या है?**
   A. दोनों ही शिक्षा पर आधारित हैं
   B. दोनों सामाजिक समूहों में पहचान केवल जाति या धर्म से करते हैं
   C. दोनों राजनीतिक अधिकारों पर आधारित हैं
   D. दोनों आर्थिक अवसरों पर आधारित हैं (B)

*व्याख्या :* जातिवाद और सांप्रदायिकता दोनों ही सामाजिक समूहों में जाति या धर्म को ही पहचान का आधार मानते हैं और अन्य पहलुओं की उपेक्षा करते हैं।

10. **उच्च जातियों और निम्न जातियों की शिक्षा में अंतर क्यों बना रहा?**
   A. आर्थिक कारण नहीं थे
   B. निम्न जातियों को शिक्षा से वंचित रखा गया था
   C. सभी जातियों को समान अवसर मिले
   D. शिक्षा केवल शहरी क्षेत्रों तक सीमित थी (B)

*व्याख्या :* उच्च जातियाँ शिक्षा पर पहले से पकड़ रखती थीं जबकि निम्न जातियों को शिक्षा से वंचित रखा गया, इसलिए यह अंतर आज भी देखा जाता है।